आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 11.03.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चार हेली सेवाओं का वचुर्अली शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा – प्रदेश सरकार, पर्यावरण संरक्षण के लिए सौर ऊर्जा को वृहद स्तर पर प्रोत्साहित कर रही है।
- केंद्र ने उड़द दाल के शुल्क मुक्त आयात को अगले वर्ष 31 मार्च तक बढ़ाया।
- चम्पावत जिले में महिला समूहों द्वारा बनाए गए हर्बल रंगों की बढ़ रही मांग।

हवाई सेवा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून से चार हेली सेवाओं का वचुर्अली शुभारंभ किया। इन सेवाओं के जरिए देहरादून से नैनीताल, बागेश्वर और मसूरी तथा हल्द्वानी से बागेश्वर का हवाई सम्पर्क स्थापित हो गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि "उड़ान" योजना के तहत शुरू की जा रही इन हेली सेवाओं से राज्य में पर्यटन और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब इन क्षेत्रों की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों का आनंद लेने वाले पर्यटक यहां और भी आसानी से पहुंच सकेंगे। मुख्यमंत्री ने हेली सेवाओं के शुभारंभ अवसर पर यात्रा करने वाले लोगों से वर्चुअल माध्यम से बातचीत भी की।

गौरतलब है कि देहरादून से मसूरी की हेली सेवा उत्तराखंड हवाई सम्पर्क योजना के तहत संचालित की जा रही है, जबकि शेष तीन हेली सेवाएं केंद्र सरकार की क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के तहत संचालित की जा रही हैं। देहरादून – मसूरी के बीच पांच सीटर, जबकि शेष जगहों के लिए सात सीटर हेलीकॉप्टर, सेवाएं देंगे। देहरादून से बागेश्वर, नैनीताल और हल्द्वानी से बागेश्वर की हेली सेवा सप्ताह में सातों दिन, दिन में दो बार संचालित होगी। जबकि मसूरी से देहरादून हेली सेवा पहले माह में प्रतिदिन एक उड़ान भरेगी।

हवाई सेवा बागेश्वर

वहीं, बागेश्वर जिले की गरूड़ तहसील के मेला डूंगरी गरुड़ स्थित हैलीपैड पर देहरादून से आए पहले यात्रियों के जत्थे और पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि हवाई सेवा शुरू होने से बागेश्वर के लोगों को काफी सुविधा होगी।

जलवायु परिवर्तन संगोष्ठी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार, पर्यावरण संरक्षण के लिए सौर ऊर्जा को वृहद स्तर पर प्रोत्साहित कर रही है। वे आज देहरादून स्थित वाडिया इंस्टीट्यूट में जलवायु परिवर्तन एवं नवीकरणीय ऊर्जा– चुनौतियाँ और समाधान' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य में "नई सौर ऊर्जा नीति" लागू करने के साथ ही वर्ष 2027 तक 1 हजार 400 मेगावाट सोलर क्षमता पाने की दिशा में काम कर रही है।

राष्ट्रीय एकता यात्रा

मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले के बच्चों ने ''राष्ट्रीय एकता यात्रा'' के तहत राजभवन में आज राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से मुलाकात की। यह यात्रा असम राइफल्स ''ऑपरेशन सद्भावना'' के तहत आयोजित की गई, जिसमें टेंग्नौपाल के 4 शिक्षकों के साथ 28 छात्र–छात्राएं शामिल हैं। पहली बार अपने क्षेत्र से बाहर निकले ये बच्चे इस यात्रा के दौरान भारतीय सैन्य अकादमी, वन अनुसंधान संस्थान आदि का भ्रमण करेंगे, जिससे उन्हें उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत

को समझने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए भारत की एकता, अखंडता और विविधता पर जोर दिया और उन्हें इस यात्रा से प्राप्त अनुभवों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

उड़द दाल

केंद्र सरकार ने उड़द दाल के शुल्क मुक्त आयात को अगले वर्ष 31 मार्च तक के लिए बढ़ा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। पहले यह प्रावधान इस वर्ष मार्च के अंत तक के लिए लागू था। इस पहल से घरेलू बाजारों में उड़द की कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। म्यांमा, भारत को उड़द निर्यात करने वाला मुख्य देश है।

स्लग– हर्बल रंग

चंपावत जिले में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत गठित महिला समूह, होली के हर्बल रंग बना रही हैं। जिले की परियोजना निदेशक विम्मी जोशी ने बताया कि फल, फूलों और पत्तियों से बनाए गए ये रंग शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

चम्पावत जिले के विभिन्न स्थानों पर समूह की महिलाएं राज्य पुष्प बुरांश, हल्दी, गेंदा, पालक और चुकंदर से रंग तैयार कर रही हैं। इन रंगों को स्टॉलों के साथ ही ऑनलाइन माध्यम से बेचा जा रहा है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं और इनकी मांग बढ़ रही है। इससे महिला समूहों की आजीविका में भी बढ़ोतरी हो रही है।

राजभवन होली कार्यक्रम

राजभवन में आज होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर शामिल हुईं और सभी महिलाओं को होली की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में रंगों की बहार और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान पारंपरिक होली गीतों और लोक नृत्यों ने वातावरण को विशेष बना दिया।

वन विभाग कार्ययोजना

प्रदेश के उच्च और मध्य हिमालयी क्षेत्रों में पाई जाने वाली पक्षी प्रजातियों के संवर्धन और संरक्षण के लिए विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों के रोपण को लेकर वन प्रभागों की कार्ययोजनाओं में अब अलग से संस्तुति की जा रही है। मुख्य वन संरक्षक, कार्ययोजना, संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि वन विभाग की ओर से हाल ही में किये गए एक शोध के अनुसार बुरांश प्रजाति के वृक्षों के अलावा झाड़ी प्रजातियों में हिसालू, घिंघारू और किलमोड़ा पर पक्षियों की कई प्रजातियां अपने भोजन, परागण और घोंसला बनाने के लिए निर्भर रहती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न वन प्रभागों में अब इन वनस्पति प्रजातियों का रोपण किया जाएगा, ताकि राज्य में पाई जाने वाली पक्षी प्रजातियों का संवर्धन और संरक्षण किया जा सके।

गिरफ्तार

हरिद्वार से हाई–प्रोफाइल ठगी के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने आईसीसी चेयरमैन जय शाह का निजी सचिव बनकर लोगों से ठगी की कोशिश करने के एक शातिर व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से फर्जी आईडी कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस, आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।